**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**20 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त करेगा यह मंच।
- कल से करीब 90 पैसे प्रति लीटर बढ़ गये पेट्रोल और डीजल के दाम। तेल विपणन कंपनियों ने राज्य में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बताते हुए लोगों से अनावश्यक अतिरिक्त खरीददारी न करने की अपील की।
- सर्वोच्च न्यायालय ने खतरनाक और लाइलाज बीमारी वाले कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिए जाने की दी अनुमति। लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने के आदेश को वापस लेने से किया इनकार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने जारी किया भीषण लू का रेड अलर्ट।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की छब्बीसवीं बैठक में हिस्सा लिया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनकल्याण, सुशासन और क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष तौर से चर्चा की गयी। बैठक से सम्बन्धित एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने इसे सहकारी संघवाद, समन्वित विकास और राज्यों के मध्य बेहतर तालमेल को नई दिशा देने वाला मंच बताया। श्री योगी ने कहा कि यह मंच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त करेगा।

**********

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कल से लगभग नब्बे पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में पेट्रोल की कीमत अन्ठानवे रुपए चालीस पैसे प्रति लीटर से लेकर अन्ठानवे रुपए इक्यानवे पैसे प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल अन्ठानवे रुपए तिहत्तर पैसे से लेकर बानवे रुपए इक्कीस पैसे प्रतिलीटर की दर से बिक रहा है। एक रिपोर्ट–

**यह एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के बाद हुई है। इस बीच, प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। तेल विपणन कंपनियों ने स्पष्ट किया कि राज्य में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की घबराहट या अतिरिक्त खरीदारी की जरूरत नहीं है। एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति भी सामान्य बनी हुयी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

प्रदेश सरकार ने कहा है कि प्रदेश में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। इस समय राज्य में तेरह दशमलव दो आठ लाख मीट्रिक टन यूरिया, पांच दशमलव दो तीन लाख मीट्रिक टन डीएपी सहित कुल सत्ताइस दशमलव नौ चार लाख मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता है। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश में उर्वरक की उपलब्धता पिछले वर्ष की तुलना में 3 दशमलव एक तीन लाख मीट्रिक टन अधिक है। कृषि विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों के लिये अनुदान पर सभी प्रकार के उर्वरकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अनुदानित उर्वरक का दुरुपयोग रोकने के लिये शासन ने किसान पहचान पत्र उपलब्ध कराने वाले किसानों को उनके अभिलेखों के आधार पर ही उर्वरक देने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरकों की अत्यधिक खरीद और अनावश्यक प्रयोग से बचें। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

इस बीच, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल ओडिशा के भुवनेश्वर में हुए एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद केंद्र सरकार देश में किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। श्री चौहान ने कहा कि इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार से उर्वरक प्राप्त करना दिन–प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

**********

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में एक उच्च–स्तरीय बैठक में नीट–यूजी की दोबारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। परीक्षा के आयोजन में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता की जरूरत पर बल देते हुए, श्री प्रधान ने निर्देश दिया कि पिछली परीक्षा प्रक्रिया में पाई गई सभी कमियों को पूरी तरह से दूर किया जाए। श्री प्रधान ने कहा कि दोबारा परीक्षा सख्त सुरक्षा नियमों के अंतर्गत सुरक्षित, बिना किसी रुकावट के और पूरी तरह से पुख्ता तरीके से आयोजित की जानी चाहिए।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा दो हजार छब्बीस की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब तेइस मई तक आवेदन जमा करा सकते हैं।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने जनसुरक्षा को देखते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिए जाने की अनुमति दे दी है। एक रिपोर्ट–

**न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि उन क्षेत्रों में कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिया जा सकता है जहां कुत्तों की आबादी खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है और जहां कुत्तों के लगातार काटने और आक्रामक हमलों की घटनाओं से जन सुरक्षा खतरे में पड़ रही हो। न्यायालय द्वारा यह आदेश लावारिस कुत्तों के काटने और रेबीज के मामले से जुडी मीडिया की खबरों के बाद पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान के मामले में जारी किया गया है। इस बीच, शीर्ष न्यायालय ने लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थल भेजने और नसबंदी करने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने की मांग से जुडी याचिकाओं को खारिज कर दिया। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे। उन्होंने बछरावां में सांसद निधि से बने बारात घर का उद्घाटन किया। श्री गांधी ने रायबरेली में पीएसी के पचीसवीं बटालियन के सामने छाछट फीट रोड का भी उद्घाटन किया। कांग्रेस सांसद आज भी अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**********

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सही समय पर और उचित मात्रा में बीज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि हर हाल में इकतीस मई तक सभी विक्रय केंद्रों तक बीज पहुंच जाने चाहिए। सभी प्रमाणित बीज किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि वह अनुदान पर बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर आवेदन करें, जिससे बुवाई का कार्य सुगमता और समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में क्रमिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना जतायी है। प्रदेश के कई कई जिलों में पारा सैंतालीस डिग्री सेल्सियस के पार जाने का अनुमान है। एक रिपोर्ट–

**राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र का बांदा जिला लगातार तीसरे दिन भी देश का सबसे गर्म क्षेत्र बना हुआ है, जहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली है और कई स्थानों पर दिन का अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। रातें भी असामान्य रूप से गर्म हो गई हैं और रात के समय भी तापमान 30 डिग्री के पास पहुंच रहा है। पारा बढ़ने से आम जनजीवन पर तो असर पड़ा ही है, पशु और पक्षी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। दिन चढ़ते ही सड़क सुनी हो जा रही हैं और अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की तादाद बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य में भीषण लू की चेतावनी का रेडअलर्ट जारी किया है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ**

भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मजिस्ट्रेटों, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग और सभी संबंधित राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

**********

आईपीएल क्रिकेट में जयपुर में हुए मुकाबले में कल राजस्थान रॉयल्स की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। कल शाम को हुए मैच में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इसके बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट खोकर दो सौ बीस रन बनाए। जवाबी बल्लेबाजी में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने उन्नीस ओवर और एक गेंद पर तीन विकेट खोकर दो सौ पचीस रन हासिल कर अपनी जीत दर्ज कर ली।

**********